## संक्षिप्त

### शिव मंदिर में हुआ भजन सत्संग का आयोजन

**राजगढ़।** कस्बे के रामनगर कॉलोनी के समीप शिव मंदिर में भजन सत्संग का आयोजन किया गया। इसमें शिव महिमा से ओतप्रोत भजनों की प्रस्तुति से गायक कलाकारों ने जमकर ता लिया बटोरी। भजनों की मनमोहक प्रस्तुति पर महिलाओं ने नृत्य कर कार्यक्रम को ऊंचाइयां प्रदान की। इधर पांडुपोल हनुमान मंदिर से जुडी भजन मंडली ने रोचक भजन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर शिव दरबार को आकर्षक सजावट एवं झांकी के साथ सजाया गया।

### धूप बत्ती बनाने की प्रक्रिया के बारे में दी जानकारी

**निवाई,** राजकीय महाविद्यालय व कन्या महाविद्यालय निवाई में राज्य महिला नीति के तत्वावधान में कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत प्राचार्य डॉ. दीपकराज जैन के निर्देशन में निवाई स्थित गौशाला में छात्राओं को धूप बत्ती बनाने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पानमल पहाडियां ने छात्राओं को हस्त कौशल के महत्व के बारे में जानकारी दी। महिला नीति की संयोजक प्रीति जैन, डॉ. सोना अग्रवाल रूपा चौधरी व सुमन सहित सभी संकाय सदस्य मौजूद थे।

### अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी

**सावरदा ।** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 48 पर मंगलवार को शाम पांच बजे बाद दूदू की तरफ से किसी सवारी गाड़ी में बैठ कर पालुखुर्द से पैदल गांव पालुकलां लौट रहे , अधेड़ को अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी । दुघर्टना का पता चलते ही राजमार्ग से गुजर रहे राहगीरो व पालुखुर्द के ग्रामीणों ने गंम्भीर रूप घायल रामलाल पुत्र लादूराम बजाड़ को ईलाज के लिए दूदू के जिला अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल रामलाल को जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल भिजवाया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई । बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद गांव पहुंचे रामलाल गुर्जर के शव का दोपहर को अंतिम संस्कार किया गया।

### साइबर अपराध के बारे में विद्यार्थियों को दी जानकारी

**पीपलू।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बनवाड़ा में थानाधिकारी राजेंद्र ताडा ने कक्षा 6 से 12 वीं तक के छात्र-छात्राओं को साइबर अपराधए बालक-बालिकाओं को छेड़छाड़ छींटाकशी अपराधों के संबंध में जागरूक किया। नशे में गाड़ी नहीं चलाना, बिना हेलमेट के गाड़ी नहीं चलाना, मोबाइल से बात करते समय गाड़ी नहीं चलाना, कार्यक्रम में महिला हेल्पलाइन नंबर 1090 और चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 के बारे में भी जानकारी दी। इस दौरान कांस्टेबल जितेंद्र, प्रकाश रत्नु व प्रधानाचार्य पन्नालाल वर्मा सहित समस्त स्टाफ व छात्र-छात्राएं थे।

### शिविर का आयोजन

**दूदू ।** जिला मुख्यालय के अधीन ग्राम पंचायत दातरी भवन परिसर में भारतीय डाक जनसेवा कार्यक्रम के शिविर का आयोजन किया जाकर विभाग की विभिन्न योजनाओं का पंजीकरण किया जाकर लाभान्वित किया गया सांभर डाक उपाधीक्षक नरेंद्र सिंह प्रदीप कुमार ने ग्रामीणों को डाक विभाग की विभिन्न योजनाएं सुकन्या बचत खाता स्पीड पोस्ट सीओडी डोर सप्लाई डिलीवरी की योजना के बारे में विस्तार से बताया इस दौरान सरपंच भंवरी देवी भाकर डाक कर्मचारी दयाशंकर शर्मा रामेश्वर नंदलाल रामदयाल सहित ग्रामीण जन मौजूद रहे ।

### सडक सुरक्षा की जानकारी दी

**अलवर ।** जिला प्रशासन द्वारा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं सड़क सुरक्षा तथा यातायात नियमों के प्रचार-प्रसार हेतु 5 दिसम्बर तक आयोजित किए जा रहे सड़क सुरक्षा एवं जीवन रक्षा कार्यक्रम के तीसरे दिन आज परिवहन विभाग के उड़नदस्ते एवं यातायात पुलिस द्वारा राजकीय महात्मा गांधी सैकण्डरी स्कूल चांदोली, अलवर पब्लिक स्कूल एवं नवीन सीनियर सैकेण्डरी स्कूल एवं चिनार पब्लिक स्कूल में सेमिनार आयोजित कर सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी गई तथा सड़क सुरक्षा से संबंधित 520 पम्पलेट वितरित किए गए।

# 'पोषण भी पढाई भी' थीम पर आंगनबाडी कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**पावटा।** महिला एवं बाल विकास विभाग की पहल पर पोषण भी पढाई भी थीम के तहत ब्लॉक पावटा में आंगनबाडी कार्यकर्ताओं के लिए 25 नवंबर से 27 नवंबर तक सुबह 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक बाल विकास परियोजना अधिकारी धर्मिष्ठा के नेतृत्व में चल रहे तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण शिविर का बुधवार को आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय पावटा परिसर मे समापन हुआ।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान बाल विकास परियोजना अधिकारी धर्मिष्ठा ने

■ आंगनबाडी कार्यकर्ता ग्राम स्तर की महत्वपूर्ण इकाई, बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण की दृष्टि से इनकी समाज में महती भूमिका- धर्मिष्ठा

बताया कि इस शिविर का उद्देश्य ० से 6 वर्ष के बच्चों के मानसिक, बौद्धिक और शारीरिक विकास को प्रोत्साहित करना एवं कार्यकर्ताओं को बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा देने और पढाई के प्रति रुचि विकसित करने के लिए नई

तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण शिविर का आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय मे समापन हुआ।

तकनीकों और दृष्टिकोणों पर प्रशिक्षित किया गया। सीडीपीओ धर्मिष्ठा ने शिविर के दौरान बताया कि आंगनबाडी कार्यकर्ता ग्राम स्तर की महत्वपूर्ण इकाई है। बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण की दृष्टि से इनकी समाज में महती भूमिका है। गर्भकाल से बच्चे के 6 वर्ष तक होने तक अच्छा पोषण और पूर्व शाला शिक्षा उसकी मजबूत नींव तैयार करते हैं।

बच्चे का पोषण प्रारभिक बाल्यावस्था शिक्षण की गुणवत्ता बच्चे के समग्र भविष्य को तय करती है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक आंगनबाडी कार्यकर्ता केंद्रों का ठीक प्रकार संचालन करें। महिला पर्यवेक्षक सुमन शर्मा ने पोषण भी पढाई भी कार्यक्रम की संकल्पना पर प्रकाश डाला। वही आंगनबाडी कार्मिकों को साप्ताहिक कैलेंडर, नवचेतना, आधारशिला, बच्चों के शिक्षण, सामान्य घरेलू सामग्री से बच्चों के खिलोने, पोषण अभियान के विविध आयामों, बच्चे के विकास के सोपानों पर चर्चा की गई। ब्लॉक कॉर्डिनेटर शुभम सैनी ने कहाँ कि यह पहल आंगनबाडी कार्यकर्ताओं को शिक्षा और पोषण के माध्यम से बच्चों के सर्वांगीण विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित कर रही है।

इस प्रशिक्षण में शिविर में बाल विकास परियोजना अधिकारी धर्मिष्ठा, महिला पर्यवेक्षक सुमन शर्मा, सीता महावर, मंजू सैनी, ब्लॉक कॉर्डिनेटर शुभम सैनी द्वारा आंगनबाडी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण प्रदान किया गया । समापन कार्यक्रम में सहायक लेखाधिकारी नवनीत गौड, कनिष्ठ सहायक देवेन्द्र सिंह, रामसहाय मीणा सहित 148 आँगनबाडी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एसडीएम ने किया निरीक्षण

**पावटा।** पावटा उपखंड अधिकारी कपिल कुमार उपाध्याय ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बडनगर व उप स्वास्थ्य केंद्र तुलसीपुरा एवं आंगनबाडी केंद्र बडनगर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपखंड अधिकारी कपिल कुमार उपाध्याय ने प्राथमिक प्राथमिक बडनगर व उप स्वास्थ्य केंद्र तुलसीपुरा में मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने निरीक्षण के दौरान ओपीडी, निशुल्क दवाई वितरण केंद्र, प्रयोगशाला, वार्ड का जायजा लिया।

वही उपखंड अधिकारी कपिल उपाध्याय ने स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने तथा मरीजों का संतोषपूर्ण उपचार करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र की नियमित साफ सफाई करने तथा मरीजों के लिए उपयुक्त बैठक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र पर आए मरीजों से फीडबैक लिया।- इसी क्रम में उपखंड अधिकारी कपिल उपाध्याय ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बडनगर का निरीक्षण कर सभी शिक्षकों को समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शौचालय और पेयजल व्यवस्था का निरीक्षण कर शौचालयों एवं विद्यालय परिसर में नियमित सफाई करने एवं विद्यार्थियों को स्वच्छ जल उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए।

## सार-समाचार

### इंदिरा रसोई में 200 लोगो को कराया भोजन

**मनोहरपुर।** मरहूम हाजी सरदार खान चौहान की चौथी बरसी पर उनके परिजनों की ओर से कस्बे स्थित इंदिरा रसोई में 200 लोगों को निशुल्क भोजन कराया गया वहीं भूतनाथ वाटिका स्थित गौशाला में गायों को चारा व गुड़ खिलाया गया। इस मौके पर जामा मस्जिद के सदर जमील खान चौहान, मरहूम हाजी सरदार बशीर खान वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष इमरान खान ने बताया कि मरहूम हाजी सरदार खान चौहान की पुण्यतिथि के मौके पर हर वर्ष दान पुण्य का कार्य किया जाता है। जिसके तहत बुधवार को भी गौशाला में गायों को चारा व गुड़ खिलाया गया।सरदार खान चौहान कौमी एकता की मिसाल के रूप में जाने पहचाने जाते थे। वे सदैव गरीब, यतीम एवं जरूरतमंद लोगों की सेवा के लिए तत्पर रहते थे। आज मनोहरपुर ही नहीं आसपास के लोग भी उनके चले जाने पर उनके किए गए कार्य को याद करते हैं। इस पर उन्होंने कहा कि आज फिर एक बार हाजी सरदार खान चौहान की याद ने आंखें नम कर दी। इस अवसर पर मनोहरपुर पालिका अध्यक्ष सुनीता प्रजापत, भाजपा मंडल मनोहरपुर के अध्यक्ष रामप्रकाश नाई, मंडल महामंत्री प्रहलाद गुर्जर, शिवराम गुर्जर, पार्षद सरफराज खान, सरदार खान सारवान, बुंदु खा, मुन्ना माइकल, रमेश गोयल, महिपाल गुर्जर,अमर सिंह जयराम फ़ामडा,मनीष, नसरू खान, सद्दाम खान, मोहसिम खान, सहित कई लोग मौजूद थे

### निंदौला पशु चिकित्सा उपकेंद्र पशु चिकित्सालय में करमोन्नत

**शाहपुरा।** कांग्रेस विधायक मनीष यादव की अनुशंसा पर क्षेत्र के निंदौला पशु चिकित्सा उपकेंद्र को पशुचिकित्सालय में क्रमोन्नत किया गया है। गोरतलब है कि परिवर्तित बजट वर्ष 2024-25 में देवनगर (पुष्कर) अजमेर व मांदलिया (लाडपुरा) कोटा सहित 98 पशुचिकित्सा उपकेंद्रों को पशुचिकित्सालय में क्रमोन्नत करने की घोषणा की गई थी। बजट घोषणा के क्रम में विधायकों से अनुशंसा माँगी गई थी। विधायक यादव के निजी सहायक ओमप्रकाश यादव ने बताया कि बजट घोषणा के अनुसरण में विधायक द्वारा प्रस्ताव भिजवाया गया था जिसके संदर्भ में क्षेत्र के निंदौला पशुचिकित्सा उपकेंद्र को पशुचिकितासालय में क्रमोन्नत किया गया है। निंदौला पशु चिकित्सा उपकेंद्र के पशु चिकित्सालय में क्रमोन्नत होने पर क्षेत्रवासियों को अपने पशुओं के इलाज के लिए राहत मिलेगी। क्षेत्रवासियो में निंदौला के पशु चिकित्सा उपकेंद्र को पशुचिकित्सालय में कर्मोन्नत पर ख़ुशी की लहर है। क्षेत्रवासियो ने विधायक का आभार जताया।

### स्कूल के खेल मैदान पर अतिक्रमण

**अलवर।** जिले की ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में जमीन पर अतिक्रमण करना आम हो गया है अब तो हद हो चुकी है उमरेण ब्लाक के माचडी गांव की सरकारी स्कूल के खेल मैदान पर भी प्रभावशाली परिवार ने अतिक्रमण करते हुए उसे अपनी कृषि भूमि में मिला लिया है इसके लिए स्कूल के प्रधानाचार्य ने अलवर तहसीलदार को मैदान की पैमाइश कर उस पर से अतिक्रमण हटवाने के लिए पत्र भी लिखा लेकिन वह भी ठंडे बस्ते में जा चुका है।राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय के प्रधानाचार्य ने एक पत्र विगत वर्ष 19 जून 23 को अलवर तहसीलदार को लिखा जिसमें उन्होंने लिखा कि स्कूल के खेल मैदान की पैमाइश कराई जाए ताकि खेलों को प्रोत्साहन मिल सके लेकिन अलवर तहसीलदार ने आज तक इस पत्र पर कोई कार्यवाही नही की है यानी की यह पत्र तहसीलदार ने ठंडे बस्ते में डाल दिया है।जब मौके पर पहुंच कर ग्रामीणों से इस विषय पर बात की तो उन्होंने कहा कि यहां सीट कांग्रेस की है और कांग्रेस अपने अल्पसंख्यक वोट बैंक को खोना नही चाहती इसलिए इतने समय बाद भी अलवर तहसीलदार ने इस मैदान पर कोई कार्यवाही नही की है। अगर ऐसे ही तहसीलदार अनदेखी करते रहे तो एक दिन अलवर की सभी सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर उस पर प्लाटिंग होने में समय नही लगेगा।

### शिविरों का होगा आयोजन

**टोंक।** विमुक्त, घुमंतू व अर्द्ध घुमंतू समुदाय के विकास के लिए पंचायत समिति सभागार स्तर पर शिविरों का आयोजन 3 दिसंबर से किया जाएगा। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक धर्मराज प्रतिहार ने बताया कि जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा के निर्देश पर विकास अधिकारियों को शिविर का प्रभारी नियुक्त किया गया हैं। उपनिदेशक ने बताया कि शिविर में घुमंतू समुदाय के लोगों के वोटर आईडी, आधार कार्ड, जन आधार, जाति प्रमाण पत्र, घुमंतू जाति पहचान पत्र, मूल निवास एवं राशन कार्ड बनाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि शिविर का आयोजन 3 दिसंबर को देवली में, 10 को उनियारा, 12 को मालपुरा, 13 को निवाई एवं 15 दिसंबर को पीपलू में होगा।

### सफाई अभियान का आयोजन

**आमेर।** आमेर उपखण्ड क्षेत्र में वार्ड नंबर 4 की वार्ड समिति और जयपुर नगर निगम व विकासिनी मंच महिला हाउसिंग ट्रस्ट के द्वारा हेरिटेज नगर निगम के वार्ड नंबर 4 में सफाई अभियान का आयोजन किया । सफाई अभियान में जयपुर नगर निगम से वार्ड के और एवं अन्य सफाई कर्मचारी एवं वार्ड पार्षद व विभिन्न स्कूलों के करीब 100 बच्चों ने और वार्ड में के कम्युनिटी एक्शन ग्रुप के 60 सदस्यों ने सहयोग किया । नाई की थड़ी पर मुख्य बाजार से बड़ी का बास,80 फीट रोड, 60 फीट रोड, एम के विहार कॉलोनी में सफाई की गई जिसमें 5 हूपर कचरा एकत्रित किया गया, साथ ही पार्षद श्रीमती बरखा सैनी ने लोगों को जागरूक भी किया गया कि कचरे को कचरा पात्र में इकट्ठा कर कचरे की गाड़ी में ही डाला जाए , जिससे हमारे वार्ड में सफाई की व्यवस्था बनी रहे ।

### 'प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं'

**टोंक।** टोंक जिले का स्थान मत्स्य उत्पादन क्षेत्र में प्रथम है। जिले में 200 से अधिक तालाब एवं बांधों में मत्स्य पालन का कार्य किया जा रहा है। जिला मत्स्य विकास अधिकारी, मदन सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत मछली उत्पादन को बढ़ाने, मत्स्य कृषकों एवं मछुआरों की आय में वृद्धि करने एवं उन्हें सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने संबंधी गतिविधियों को शामिल किया गया है।

## टीटीई ने विदेशी यात्री का ट्रेन में छूटा बैग लौटाया

**फुलेरा ।** उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर मण्डल पर टीटीई ने ट्रेन में यात्रा के दौरान एक विदेशी यात्री का छूटा हुआ बैग उक्त यात्री को लौटाकर ईमानदारी का परिचय दिया। सीनियर डीसीएम जयपुर कृष्ण कुमार मीना ने उपरोक्त जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार को एक विदेशी यात्री जो कि गाड़ी संख्या 20978 वन्दे भारत ट्रेन से दिल्ली कैन्ट से जयपुर की यात्रा के दौरान यात्रियों का बैग ट्रेन में छूट ही गया। उक्त यात्री ने जयपुर रेलवे स्टेशन पर स्थित हेड टीसी ऑफिस में ऑन ड्यूटी स्टाफ को बैग छुटने के बारे में सूचित किया।

स्टाफ ने टीटीई मोहन मीणा से संपर्क करते हुए ट्रेन में छूटे बैग की जानकारी प्राप्त की। साथ ही स्टाफ द्वारा बैग प्राप्त कर गाड़ी संख्या 12915 सें अजमेर से जयपुर मंगवाया गया। ऑन ड्यूटी आरपीएफ स्टाफ की उपस्थिति में यात्री को ट्रेन में छूटा उनका बैग लौटाया। इस अवसर पर ऑन ड्यूटी स्टाफ में रेखा पवांर, संदीप, विश्वामित्र, राहुल अठावाल, राहुल प्रजापति सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# 115 ग्राम सोना चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार, 3 साल से था फरार

**सांभरझील,** (निसं)। ग्राम बोराज के रहने वाले विनोद कुमार पुत्र दामोदर प्रसाद सोनी, निवासी वार्ड न.5, बोराज, थाना जोबनेर जिला जपयुर के यहां काम करने वाले कारीगर द्वारा 115 ग्राम सोना लेकर भाग जाने वाले चोरी के आरोपी को गिरफ्तार करने में पुलिस थाना जोबनेर को बड़ी सफलता मिली है। वारदात को अंजाम देने के बाद से ही आरोपी करीब 3 साल से फरार चल रहा था।

घटना 17 अगस्त 2021 की है। पीड़ित ने इस मामले में जोबनेर थाने में रिपोर्ट दर्ज कर बताया था कि समय 11 बजे के आस पास मेरे पास काम करने वाला कारीगर शेख करीमुल हक निवासी पश्चिमी बंगाल मेरे मकान से 115 ग्राम सोना लेकर चला गया है यह मेरे पास आज से करीब 20 दिन पहले ही काम पर आया था। पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शरू किया गया।

जोबनेर पुलिस ने चोरी के आरोपी को गिरफ्तार किया।

मुलजिम की गिरफ्तारी सुनिश्चित किए जाने हेतु जयपुर ग्रामीण एसपी की ओर से अधिनस्थ पुलिस अधिकारियों को निर्देश प्रदान किए गए थे। एडिशनल एसपी व डिप्टी के सुपरविजन में सुरेश सिहं थानाधिकारी जोबनेर के नेतृत्व में टीम गठित कर आसुचना संकलन व तकनीकी सहायता द्वारा प्रकरण में फरार चल रहे आरोपी को 26 नवंबर को गिरफ्तार किया गया। चोरी का आरोपी शेख करीमूल हक पुत्र रेहान हक जाति मुसलमान, निवासी मोहनपुर, ग्राम पंचायत राधानगर, पुलिस थाना जांगीपाडा,जिला हुगली (पश्चिम बंगाल) का रहने वाला है। आरोपी को गिरफ्तार करवाने में कांस्टेबल राकेश व नगेंद्र का खास योगदान रहा।

## मोनिका व प्रतिष्ठा करेंगी जिले का प्रतिनिधित्व

**निवाई।** राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के तत्वावधान में जिला स्तरीय योगा ओलंपियाड का आयोजन स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल पनवाड़ देवली में हुआ। जिसमें स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल की छात्राओं ने बाजी मारी। उन्होंने बताया कि ओलंपियाड में जिले के समस्त अंग्रेजी माध्यम के विद्यालय महात्मा गांधी व केजीबी एवं मॉडल स्कूलों की टीमों ने भाग लिया।

सीनियर ग्रुप व्यक्तिगत प्रदर्शन में मोनिका चौधरी व सीनियर वर्ग में बेस्ट प्लेयर प्रतिष्ठा कुमावत प्रथम स्थान एवं जूनियर वर्ग के व्यक्तिगत प्रदर्शन मे अक्षिता चौधरी प्रथम स्थान पर रही। उन्होंने बताया कि विजेता विद्यार्थी टोंक जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए 5 दिसंबर को अयोजित राज्य स्तरीय योगा ओलंपियाड मॉडल स्कूल गंगापुर सिटी में भाग लेंगे। विजेता विद्यार्थियों व प्रभारी शिक्षिका कुंती शर्मा एवं शारीरिक शिक्षिका का दुपट्टा और मोमेंटो देकर स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# 'डॉ. कुरियन के प्रयासों ने भारत को विश्व में सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश बनाया'

**किशनगढ़ बास।** डॉ. वर्गीज कुरियन की 103 वीं जयंती के उपलक्ष्य में जीएलएम कृषि महाविद्यालय और सरस डेयरी ने मिलकर राष्ट्रीय दुग्ध दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इसका उद्देश्य स्कूली छात्रों को दूध और

■ जीएलएम कृषि महाविद्यालय में राष्ट्रीय दुग्ध दिवस पर हुए कार्यक्रम आयोजित

डेयरी उद्योग के महत्व, गुणवत्ता परीक्षण, और डेयरी तकनीकों से परिचित कराना रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना, डा. वर्गीज कुरियन को श्रद्धांजलि और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। मुख्य अतिथिआर.एस. चौहान, डिप्टी मैनेजर, गुणवत्ता नियंत्रण इकाई, सरस डेयरी ने

जीएलएम कृषि महाविद्यालय में राष्ट्रीय दुग्ध दिवस पर कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथि।

डॉ. वर्गीज कुरियन के योगदान को याद करते हुए उनके द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन फ्लड और भारत को दुग्ध उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के उनके प्रयासों की जानकारी देते हुए प्रशंसा की। अमूल की सफलता पर एक डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई । आर.एस. चौहान और उनकी टीम ने दूध की गुणवत्ता की जांच के लिए आधुनिक तकनीकों का प्रदर्शन किया। उन्होंने छात्रों को दूध में मिलावट की पहचान करने और शुद्धता सुनिश्चित करने की विधियों की जानकारी दी। डेयरी उद्योग में उपयोग होने वाले नवीनतम उपकरण और तकनीक, जैसे- दूध संग्रहण, प्रसंस्करण और पैकेजिंग, के बारे में जानकारी दी गई।

## मृतक ख्यालीराम की हत्या के आरोप में भाई रोहिताश को गिरफ्तार किया

**कोटपूतली।** जयपुर रेंज आईजी अजयपाल लाम्बा व एसपी राजन दुष्यन्त ने निकटवर्ती ग्राम सरूण्ड में हुई हत्या को गम्भीरता से लेते हुये हत्या का शीघ्र खुलासा करने हेतु एएसपी वैभव शर्मा के निर्देशन में डीएसपी राजेन्द्र कुमार बुरडक व सरूण्ड थानाधिकारी के नेतृत्व में टीम का गठन किया। पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर नक्शा मौका मुर्तिब कर गहनता से जानकारी लेकर एवं घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज चौक किये तो यह तथ्य सामने आया कि मृतक ख्यालीराम के साथ कृष्ण कुमार यादव व उसके साथियों के द्वारा मारपीट नहीं करके स्वयं मृतक के भाई रोहिताश मीणा के द्वारा मारपीट की गई है जो सीसीटीवी फुटेज में स्पष्ट दिखाई दे रही है। गोपनीय रुप से एवं चश्मदीद गवहान से जानकारी करने पर स्पष्ट हुआ एवं मुलजिम रोहिताश मीणा ने भी अनुसंधान के दौरान अपने भाई ख्यालीराम के साथ मारपीट करना एवं मारपीट के दौरान पेट में गहरी चोट मारना स्वीकार किया है। इस पर मृतक ख्यालीराम के भाई रोहिताश मीणा पुत्र रामचन्द्र मीणा को उक्त प्रकरण में गिरफ्तार किया गया है। जिसे न्यायालय में पेश कर 06 योम पीसी रिमाण्ड प्राप्त किया गया। मुलजिम से घटना के संबंध में गहनतापूर्वक जानकारी की जा रही है एवं हत्या करने के कारणों के बारे में भी अनुसंधान किया जा रहा है।

विगत 20 नवम्बर को मृतक ख्यालीराम के भाई उदयसिंह ने जयपुरिया अस्पताल जयपुर में रिपोर्ट पेश की कि मेरे भाई रोहिताश ने बताया कि विगत 17 नवम्बर को करीब 09 बजे के आसपास मैं और ख्यालीराम माधोदास की बगीची के ग्राउण्ड से घर आ रहे थे। तभी कृष्ण यादव पुत्र सीताराम यादव निवासी कांसली अपने अन्य दो साथियों के साथ हमारे पास आया और हम दोनों को रास्ते में रोककर पकड़ लिया और हमसे बोले कि हमारे खिलाफ जो मुकदमा दर्ज करवा रखा है।

# कलेक्टर ने दिए निर्देश: 8 जनवरी तक प्रकरणों का निस्तारण कर आमजन को राहत देवें

**खैरथल।** खैरथल तिजारा जिले को अतिक्रमण मुक्त बनाने एवं अवरूद्ध रास्तों को खोलने नामान्तरण सहमति बंटवारा व सीमा ज्ञान के प्रकरणों का निस्तारण कर आमजन को राहत प्रदान के लिए जिलेभर में चलाए गए राजस्व सुधार अभियान को लेकर जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने राजस्व अधिकारियों को आठ जनवरी तक सभी प्रकरणों का निस्तारण कर आम जन को राहत प्रदान करने के लिए निर्देश दिए हैं। यह निर्देश जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने बुधवार को खैरथल तिजारा जिला सचिवालय पर राजस्व विभाग के अधिकारियों की मासिक बैठक में आमजन को राहत प्रदान करने के लिए जिले भर में चलाए गए राजस्व सुधार अभियान की प्रगति समीक्षा करते हुए राजस्व अधिकारियों को दिए हैं।

राजस्व विभाग की मासिक बैठक में अधिकारियों से समीक्षा कर निर्देश देते जिला कलेक्टर किशोर कुमार।

उन्होंने निर्देशित करते हुए अधिकारियों को कहा है 8 जनवरी तक जिले के प्रत्येक भू-अभिलेख वृत्त मुख्यालय पर अतिक्रमण के प्रकरण, अवरूद्ध रास्तों को खोलना, नामान्तरण के प्रकरण, सहमति बंटवारा एवं सीमाज्ञान के प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कर आमजन को राहत प्रदान की जाए ताकि बार-बार जिला

■ खैरथल तिजारा जिला सचिवालय पर जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई राजस्व विभाग की मासिक बैठक

मुख्यालय पर फरियादियों को आना नहीं पड़े।

बैठक में जिला कलेक्टर किशोर कुमार अधिकारी कर्मचारियों को आईगोटकर्मयोगी पर विभिन्न क्षेत्रों में बनाए गए पाठ्यक्रम को पूरा करने के निर्देश दिए। इसी के साथ उन्होंने खराब सड़क, पानी की समस्या सहित अन्य आधारभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं को जिला स्तर पर अवगत करायें जाने के निर्देश भी दिए हैं।

# बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का आयोजन

**टोंक।** भारत सरकार की ओर से नई दिल्ली में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की शुरुआत के बाद जिला प्रशासन ने सिकोईडिकोन के सहयोग से किया रैलियों व शपथ ग्रहण कार्यक्रमों का आयोजन। इस कार्यक्रम के दौरान सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टोंक, दिनेश कुमार ने टोंक को बाल विवाह मुक्त बनाने का दिलाया संकल्प। सिकोईडिकोन बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए काम कर रहे 250 से भी ज्यादा गैरसरकारी संगठनों के देशव्यापी गठबंधन 'जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन' का सहयोगी संगठन है।

भारत सरकार के नई दिल्ली के विज्ञान भवन में 'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान के उद्घाटन के मौके पर जिला प्रशासन ने टोंक में बाल विवाह के खिलाफ काम कर रहे गैरसरकारी संगठन सिकोईडिकोन के साथ मिलकर जागरूकता रैलियों का आयोजन किया और लोगों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई। बच्चों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए देश के 400 से भी ज्यादा जिलों में काम कर रहे 250 से भी ज्यादा गैरसरकारी संगठनों के गठबंधन जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) का सहयोगी सदस्य है।

■ बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की शुरुआत के बाद किया रैलियों व शपथ ग्रहण कार्यक्रमों का आयोजन

इस मौके पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टोंक, दिनेश कुमार ने कहा कि बाल विवाह एक गंभीर समस्या है जो हमारे समाज को प्रभावित कर रही है। उन्होंने कहा होगा कि इस समस्या का समाधान करने के लिए हमें एक साथ मिलकर काम करना होगा। उन्होंने लोगों से अपील की होगी कि वे बाल विवाह के खिलाफ आवाज उठाएं और इस समस्या को समाप्त करने में मदद करें।

इस राष्ट्रव्यापी अभियान और जमीन पर इसके असर की चर्चा करते हुए निदेशक पी एम पॉल ने कहा, ''प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में बाल विवाह के खात्मे के लिए महिला एवं बाल कल्याण मंत्रालय की ओर से शुरू किया अभियान इस बात का सबूत है कि सरकार इस सामाजिक बुराई की गंभीरता से अवगत है।